# समाचार

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2021

## स्वच्छ सर्वेक्षण प्रचार प्रसार हेतु 1 सीजी आनलाईन प्रतियोगिता आयोजित

## (आमजन घर बैठे प्रतियोगिता में ले सकते हैं भाग)

कोरबा 28 नवम्बर 2020 –छत्तीसगढ़ राज्य को स्वच्छ सर्वेक्षण में तीसरी बार नम्बर–वन दिलाने व्यापक प्रचार प्रसार हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन आनलाईन किया जा रहा है, जिसमें स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के सिटीजन इंगेजमेंट के सभी विषय शामिल हैं, इस प्रतियोगिता में आमजन घर बैठे भाग ले सकते हैं। कोविड–19 के सुरक्षा मानदण्डों का पालन करते हुए स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 का प्रचार प्रसार आनलाईन प्रतियोगिता WWW.1CG.IN वेबसाईट के माध्यम से कराई जा रही है।

**इन विषयों पर आनलाईन प्रतियोगिता आयोजित**– स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के अंतर्गत 1सीजी ड्राइंग प्रतियोगिता, 1सीजी क्वीज प्रतियोगिता, 1 सीजी स्वच्छता चैम्पियन प्रतियोगिता, 1सीजी स्वच्छ होटल, विद्यालय, मोहल्ले, शासकीय कार्यालय, बाजार व हास्पिटल प्रतियोगिता, 1 सीजी संस्थान प्रतियोगिता एवं हमर बदलाव–हमर गोठ प्रतियोगिता आदि आनलाईन प्रतियोगिताएं आयोजित हैं। प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को निगम द्वारा पुरूस्कृत किया जाएगा। निगम द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे इस प्रतियोगिता में भाग लें